राज्यपाल सचिवालय
राजभवन जयपुर

राज्यपाल ने जलयोद्धा वाहिनी को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया

जयपुर, 17 जनवरी। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने शुक्रवार को प्रात यहां राजभवन से भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के प्रादेशिक लोक सम्पर्क ब्यूरो, जयपुर द्वारा जल संरक्षण अभियान के प्रचार प्रसार के लिए विशेष रूप से तैयार डिजिटल मल्टी मीडिया प्रदर्शनी वाहनों जलयोद्धा प्रचार वाहिनी को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। यह विशेष प्रचार वाहन जयपुर, दौसा, सवाईमाधोपुर, अलवर, भरतपुर, करौली, धौलपुर, अजमेर, भीलवाड़ा, राजसमंद, चित्तौड़गढ, प्रतापगढ़, डूँगरपुर, बांसवाड़ा और उदयपुर जिलों में आम लोगों को जल संरक्षण के महत्व और उपायों की जानकारी देंगे।

राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने प्रदर्शनी वाहन का अवलोकन किया और प्रादेशिक लोक सम्पर्क ब्यूरो द्वारा जल संरक्षण की थीम पर तैयार किये गये कैलेण्डर का विमोचन भी किया। राज्यपाल ने इस अवसर पर ब्यूरो द्वारा आरंभ किये गये जल संरक्षण अभियान की सराहना की।

प्रादेशिक लोक सम्पर्क ब्यूरो, जयपुर की निदेशक श्रीमती ऋतु शुक्ला ने राज्यपाल को इस विशेष प्रचार अभियान की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राजस्थान के विभिन्न जिलों में प्रादेशिक लोक सम्पर्क ब्यूरो, जयपुर द्वारा जल संरक्षण के बारे में जनचेतना फैलाने के उद्देश्य से सांस्कृतिक कार्यक्रमों और विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है।

राज्यपाल द्वारा जारी कैलेण्डर में भी घरेलू और कृषि क्षेत्र में जल संरक्षण की विधियों की जानकारी दी गयी है। श्रीमती ऋतु शुक्ला ने राज्यपाल को एक भारत श्रेष्ठ भारत अभियान के बारे में भी जानकारी दी और बताया कि इस अभियान के तहत राजस्थान असम का सहयोगी प्रदेश है तथा प्रादेशिक लोक सम्पर्क ब्यूरो राजस्थान में अपने विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से युवा पीढ़ी को असम की संस्कृति, साहित्य और परम्पराओं से परिचित करवा रहा है। उन्होने राज्यपाल को असमिया लेखकों की हिन्दी में अनूदित पुस्तकों का एक सैट भेंट किया।

इस अवसर पर सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के जयपुर में कार्यरत वरिष्ठ अधिकारीगण और राज्यपाल के सचिव श्री सुबीर कुमार ,राज्यपाल के प्रमुख विशेषाधिकारी श्री गोविन्द राम जायसवाल सहित राजभवन के अधिकारीगण उपस्थित थे।

डॉ. लोकेश चन्द्र शर्मा
सहायक निदेशक (जनसम्पर्क)
राज्यपाल, राजस्थान